भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 18.02.2025

आरेडिका ने किया वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह एमएसएमई एक्सपो–2025 में प्रतिभाग

सूक्ष्म एवं लघु उद्योगो को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उददेश्य से एमएसएमई डीएफओ कानपुर में दिनांक 18.02.2025 से 19.02.2025 तक वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह एमएसएमई एक्सपो–2025 का आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसमें आरेडिका की टीम ने डिप्टी सीएमएम संजय निगम के नेतृत्व में प्रतिभाग किया।

एक्सपो में डिप्टी सीएमएम संजय निगम ने आरेडिका में कोचों के उत्पादन एवं वेण्डरों के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। 100 से अधिक वेण्डरों एवं दर्शकों ने आरेडिका के स्टॉल पर जानकारी प्राप्त की।

इस एक्सपो–2025 में ओईएफसी कानपुर, हाल कानपुर, पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया, ओएफसी कानपुर आदि ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया।

18/2/2025
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी